दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः-99
मुरादाबाद
29 July 2024
(Monday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

मां और धरती मां के लिए कुछ स्पेशल करना होगा, पीएम मोदी बोले- पेड़ लगाने के अभियान से जुड़ें देशवासी

मन की बात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने आज कहा कि इस समय पूरी दुनिया में पेरिस ओलंपिक छाया हुआ है। ओलंपिक हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है। पीएम ने इस पर लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप भी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाइए।पीएम बोले- देशवासी पेरिस ओलंपिक में खेल रहे अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएं। पीएम मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में गोल्ड जीतने वाले छात्रों से की बात।पीएम मोदी हर बार की तरह आज देशवासियों से मन की बात कर रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया में पेरिस ओलंपिक छाया हुआ है। मोदी ने कहा कि ओलंपिक हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है, देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है। पीएम ने इस पर लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप भी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाइए।ओलंपियाड छात्रों से पीएम मोदी ने की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय मैथ्स ओलंपियाड के छात्रों से बात की। पीएम ने कहा कि कुछ दिन पहले मैथ्स की दुनिया में भी एक ओलंपिक हुआ है। इस ओलंपियाड में भारत के छात्रों ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया है। ओलंपियाड में टॉप फाइव में रही टीम इंडिया पीएम ने बताया कि इसमें हमारी टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार गोल्ड मेडल एक सिल्वर मेडल जीता है। पीएम ने कहा कि International Mathematics Olympiad में 100 से ज्यादा देशों के युवा हिस्सा लेते हैं और संपूर्ण टैली में हमारी टीम टॉप फाइव में आने में सफल रही है। पीएम ने इसी के साथ देश का नाम रोशन करने वाले छात्रों से बात की। पीएम ने पुणे के रहने वाले आदित्य वेंकट गणेश, पुणे के ही सिद्धार्थ चोपड़ा, दिल्ली के अर्जुन गुप्ता, ग्रेटर नोएडा के कनव तलवार, मुंबई के रुशील माथुर और गुवाहाटी के आनंदो भादुरी से बात की। एक पेड़ मां के नाम - पीएम ने आगे कहा कि हमें अपनी मां और धरती मां के लिए कुछ स्पेशल करना चाहिए। पीएम ने कहा कि इसी को देखते हुए हम देशवासियों के मां के नाम पेड़ लगाने के अभियान से जुड़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत इंदौर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत एक ही दिन में दो लाख पेड़ लगाए गए और रिकॉर्ड बनाया गया। खादी के वस्त्र खरीदने का समय- पीएम ने इसी के साथ लोगों से खादी के वस्त्र खरीदने की अपील की। पीएम ने कहा कि आपने अब तक खादी के वस्त्र नहीं खरीदे, तो इस साल से शुरू कर लें। अगस्त का महीना आ ही गया है ये आजादी मिलने का महीना है, क्रांति का महीना है। इससे बढ़िया अवसर और क्या होगा, खादी खरीदने के लिए। पीएम मोदी ने आज मन की बात में पैरिस ओलंपिक में गए भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की बात की। पीएम ने इसी के साथ खादी के कपड़ों का इस्तेमाल बढ़ाने को कहा। पीएम ने इस रेडियो कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम से लेकर परी प्रोजेक्ट के बारे में बात की।पीएम मोदी ने आज मन की बात में पैरिस ओलंपिक में गए भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की बात की। पीएम ने इसी के साथ खादी के कपड़ों का इस्तेमाल बढ़ाने को कहा। पीएम ने इस रेडियो कार्यक्रम के दौरान लोगों से भी कई खास अपील की। परी प्रोजेक्ट का जिक्र- प्रधानमंत्री ने इस दौरान प्रोजेक्ट परी के बारे में भी बात की। पीएम मोदी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के जरिए सार्वजनिक कला को बढ़ावा दिया जा रहा है। दरअसल, प्रोजेक्ट परी उभरते कलाकारों को एक मंच पर लाकर सार्वजनिक कला को लोकप्रिय बनाने का एक बड़ा माध्यम बन रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि अब आप परी सुनकर भ्रमित न हों। यह परी स्वर्ग की कल्पना से जुड़ी नहीं है, बल्कि धरती को स्वर्ग बना रही है। परी का मतलब है पब्लिक आर्ट ऑफ इंडिया। प्रोजेक्ट के जरिए देश के कलाकारों को मिल रही पहचान पर खुशी जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट परी उभरते कलाकारों को एक मंच पर लाकर सार्वजनिक कला को लोकप्रिय बनाने का बड़ा माध्यम बन रहा है।

क्या है परी प्रोजेक्ट इस प्रोजेक्ट के तहत दीवारों, सड़कों के किनारे और अंडरपास में पेंटिंग और कलाकृतियां इससे जुड़े कलाकारों द्वारा बनाई गई हैं। पीएम ने बताया कि इससे जहां हमारे सार्वजनिक स्थानों की सुंदरता बढ़ती है, वहीं हमारी संस्कृति को और अधिक लोकप्रिय बनाने में भी मदद मिलती है। PM ने प्रोजेक्ट परी की प्रगति के प्रति युवाओं की प्रोत्साहित भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी देश अपनी संस्कृति पर गर्व करके ही प्रगति कर सकता है। भारत में इसके लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें से एक प्रोजेक्ट परी है।

संक्षिप्त समाचार

यूपी में नेता प्रतिपक्ष होंगे माता प्रसाद पांडे, सपा की बैठक के बाद लिया गया फैसला

अखिलेश यादव ने निर्देश दिए हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार हो रहे विधानमंडल सत्र में पूरी तैयारी के साथ उतर जाएं और जनहित के मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएं। इनमें किसानों, जातीय गणना और कानून-व्यवस्था प्रमुख मुद्दे होंगे।सपा विधायक दल की बैठक समाप्त हो गई है। विधान सभा सदस्य माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष चुना गया। अखिलेश यादव ने निर्देश दिए हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार हो रहे विधानमंडल सत्र में पूरी तैयारी के साथ उतर जाएं और जनहित के मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएं। इनमें किसानों, जातीय गणना और कानून-व्यवस्था प्रमुख मुद्दे होंगे।उत्तर प्रदेश विधानसभा में माता प्रसाद पांडे को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। इस दौड़ में इंद्रजीत सरोज का नाम भी तेजी से चल रहा था, लेकिन अखिलेश यादव ने माता प्रसाद पांडे को उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया। इसके अलावा सपा ने विधायक महबूब अली को अधिष्ठाता मंडल, कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक और राकेश कुमार उर्फ आरके वर्मा को उप सचेतक नियुक्त किया है। गौरतलब है कि इससे पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव खुद थे। अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल सीट से विधायक थे। माता प्रसाद पांडे सिद्धार्थनगर की इटवा सीट से विधायक हैं। वह उत्तर प्रदेश विधानसभा के दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं।

मनु ने रचा इतिहास, ओलंपिक में शूटिंग में भारत को पदक दिलाने वाली पहली महिला, जीता कांस्य

मनु भाकर क्वालिफिकेशन राउंड में भी तीसरे स्थान पर रही थीं। इसके साथ ही उन्होंने शूटिंग में भारत के पदक के 12 साल के सूखे को भी खत्म किया। 2012 लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में पदक जीता था।मनु भाकर ने रविवार 28 जुलाई को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। हरियाणा की 22 साल की इस निशानेबाज ने चेटरौक्स शूटिंग सेंटर में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद इन खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं। टोक्यो में दिल टूटने के तीन साल बाद भारत की इस सबसे प्रसिद्ध और प्रतिभाशाली निशानेबाजों में से एक ने अपने सपनों को पूरा किया और देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने जबरदस्त वापसी की और कांस्य पदक अपने नाम किया। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण और रजत पदक दक्षिण कोरिया की दो खिलाड़ियों ने जीता। ओह ये जिन 243.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक और किम येजी ने 241.3 के स्कोर के साथ रजत पदक अपने नाम किया।मनु भाकर क्वालिफिकेशन राउंड में भी तीसरे स्थान पर रही थीं। इसके साथ ही उन्होंने शूटिंग में भारत के पदक के 12 साल के सूखे को भी खत्म किया। 2012 लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में पदक जीता था। यह शूटिंग में भारत का पांचवां पदक है। मनु से पहले चारों एथलीट्स पुरुष थे। वह राज्यवर्धन सिंह राठौड़, अभिनव बिंद्रा, गगन नारंग और विजय कुमार के क्लब में शामिल हो गईं।

IAS कोचिंग सेंटर हादसा: 'खराब शहरी नियोजन की कीमत चुका रहे लोग', राहुल गांधी ने सरकार पर बोला हमला

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि दिल्ली में एक इमारत के बेसमेंट में जलभराव के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की मौत बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ दिन पहले बारिश के दौरान बिजली का झटका लगने से एक छात्र की मौत हो गई थी। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान में हादसे को लेकर लोकसभा में विपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में जलभराव में मृत तीन विद्यार्थियों की मौत पर शोक जताया। राहुल ने कहा कि लोग असुरक्षित निर्माण, खराब शहरी नियोजन (टाउन प्लानिंग) और संस्थानों की गैर जिम्मेदारी की कीमत चुका रहे हैं।राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि दिल्ली में एक इमारत के बेसमेंट में जलभराव के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की मौत बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ दिन पहले बारिश के दौरान बिजली का झटका लगने से एक छात्र की मौत हो गई थी। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई। साथ ही कहा कि बुनियादी ढांचे का यह पतन सिस्टम की विफलता है। लोग असुरक्षित निर्माण, खराब टाउन प्लानिंग और हर स्तर पर संस्थानों की गैरजिम्मेदारी की कीमत अपनी जान गंवाकर चुका रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि सुरक्षित और आरामदायक जीवन प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उनको सुरक्षित जीवन जीने का माहौल दे।कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल- कोचिंग सेंटर में हुई घटना को लेकर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सरकार और एमसीडी पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं है। बल्कि मानव निर्मित त्रासदी है। बेसमेंट में कोचिंग सेंटर कैसे चल रहा था? क्या उनके पास लाइसेंस था? क्या उनके पास सब कुछ था।卐 एमसीडी के कागजात? हमें इन सवालों के जवाब नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे पर सवाल उठाना और आरोप-प्रत्यारोप करना बहुत आसान है। मगर इससे आम आदमी को परेशानी हो रही है। राष्ट्रीय राजधानी की सरकार असंवेदनशील है और यह गलत है। यह हुआ हादसा- शनिवार की शाम को कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से एक छात्र और दो छात्राओं की मौत हो गई। इनकी पहचान श्रेया यादव, तान्या सोनी और नेविन डेल्विन के रूप में हुई है। तीनों के परिजनों को सूचना दे दी है। छात्रा श्रेया यादव यूपी के अंबेडकर नगर की रहने वाली थी। जबकि छात्रा तान्या तेलंगाना की रहने वाली थी। छात्र नेविन केरल का रहने वाला था। वह जेएनयू से पीएचडी भी कर रहा था। करीब आठ महीने से वह सिविल सर्विस की तैयारी कर रहा था। हादसे के बाद कोचिंग सेंटर के मालिक और कॉर्डिनेटर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। दोनों की गिरफ्तारी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

भोजपुरी को आधिकारिक भाषा का दर्जा देने की मांग, रवि किशन ने लोकसभा में पेश किया प्राइवेट बिल

रवि किशन ने कहा कि लोग इस भाषा को गंभीरता से लेंगे। यह भाषा केवल बेकार गानों के बारे में नहीं है। यह इतना समृद्ध भाषा है कि इसमें साहित्य भी है। भोजपुरी के साहित्य को लोकप्रिय बनाने की जरूरत है।भोजपुरी सुपरस्टार और भाजपा सांसद रवि किशन ने भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए लोकसभा में एक प्राइवेट बिल (विधेयक) पेश किया, जिससे कि इसे आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया जा सके। उन्होंने शुक्रवार को संविधान (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया। भाजपा सांसद ने बताया कि बोजपुरी भाषा केवल बेकार गानों के बारे में नहीं है, बल्कि इसका एक सांस्कृतिक इतिहास और साहित्य है, जिसे बढ़ावा देने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में भाजपा सांसद ने कहा, 卐कई लोग इस भाषा को बोलते और समझते हैं। यह हमारी मातृभाषा है। मैं इस भाषा को बढ़ावा देना चाहता हूं। फिल्म इंडस्ट्री में भी यह भाषा चल रहा है और लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है। म्यूजिक इंडस्ट्री भी बहुत बड़ा है। उन्होंने आगे कहा, यह विधेयक केवल भोजपुरी साहित्य को बढ़ावा देने के बारे में है, जो बहुत समृद्ध है।रवि किशन ने कहा, लोग इस भाषा को गंभीरता से लेंगे। यह भाषा केवल बेकार गानों के बारे में नहीं है। यह इतना समृद्ध भाषा है कि इसमें साहित्य भी है। भोजपुरी के साहित्य को लोकप्रिय बनाने की जरूरत है। इस पर जोर देते हुए रवि किशन ने कहा, मैं अपने समुदाय को वापस भुगतान करना चाहता हूं। यह भाषा ही मेरी पहचान है। भोजपुरी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों के साथ-साथ कई अन्य देशों में रहने वाले लोगों की भी मातृभाषा है। मॉरीशस में लगभग 140 मिलियन लोग भोजपुरी बोलते हैं। विधेयक में बताया गया कि देश-विदेश में भोजपुरी फिल्म बहुत मशहूर है और इसका प्रभाव हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर भी पड़ा है। विधेयक में यह भी बताया गया कि कई विद्वानों के प्रयासों से भोजपुरी भाषा नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है। कई भोजपुरी हस्तियों ने देश में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। इतना ही नहीं भोजपुरी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किए गए हैं। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश और बिहार में भोजपुरी भाषा को उसका उचित स्थान दिलाने के लिए आंदोलन शुरू किए गए हैं, लेकिन भोजपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में जगह नहीं मिली है।

संपादकीय Editorial

India's Olympic hopes

The 53rd Olympic Games have begun in Paris, the capital of France. These games will be played in the 'city of love' till August 11 and numerous examples of coordination, harmony and affection can be presented. 10,714 players from 206 countries of the world will participate in the Olympics. Out of them, 117 players from India will fight for medals and national honour in 16 sports and 69 events. About 100 years ago, in 1924, the Olympic Games were also organized in Paris, in which the Indian team participated officially for the first time. India's first female player also participated in the same Olympics. History is repeating the same, but today India is an independent and sovereign country. It is the 5th largest economy in the world. In order to hone the skills of the players and make them world class, India has spent Rs 470 crore on the players. The maximum amount of Rs 96 crore has been spent on athletics, so the country is also expecting medals. Two-time Olympic medallist in badminton PV Sindhu and 42-year-old table tennis veteran Sharath Kamal, who is playing Olympics for the fifth time, became the flag bearers of the Indian team. This is also a national honour. This time the maximum number of players have qualified for the Olympics, so the maximum number of players have been sent. There are many world champion players in the Indian team - Neeraj Chopra (javelin throw), Nikhat Zareen (boxing), Antim Panghal (wrestling) and Manu Bhaker (shooting) etc. There are also some players who have set records at the world level - Satwik Chirag's pair, Lakshya Sen, Sindhu (all badminton players), Vinesh Phogat (wrestling), Mirabai Chanu (weightlifting) and the men's hockey team. If only chess and cricket were also included in the Olympic Games, then their players would also be counted in the world class category! The budget of the Sports Ministry in India has been fixed at Rs 3442 crore. This is less than 0.01 percent of the country's GDP. Many developed countries in the West spend 0.2 percent to 0.6 percent on sports. In India, an average of Rs 25 per citizen is being spent on sports. Despite this, India is hopeful that this time its players will cross the double digit number of medals. In 2004, Brazil achieved its target by winning 10 medals. India won 6 medals including one gold medal in the Tokyo Olympics. It was a great achievement for the country, because India has remained medalless in most sports competitions. This time we can expect medal wins in sports like athletics, hockey, badminton, wrestling, weightlifting, boxing, shooting etc. At the international level, the players of these sports have defeated even the world champion teams and players. It is unfortunate and ironic that the women's hockey team which had secured fourth place in Tokyo Olympics, could not even qualify for Paris Olympics. This is incompetence at every level of sports and training. In weightlifting, no male player was considered eligible for Olympics. In women's category also, Mirabai Chanu is shouldering the responsibility alone. After her, no other female player is of Olympic level. India's representation in gymnastics is zero. Bhavani Devi has no successor in fencing and only one male wrestler is left. If we have world class players, then we will have to think about these sports also, which do not have even a single Olympic level player in a country with a population of 143 crores. Today, 21 players have qualified for Olympics in shooting. In archery, India's men and women teams have directly qualified for the quarter finals. Of course, this is an important victory, but the goal is still far away. The government should make efforts in the areas where sports are poor. There are many sports which are not traditional in India and do not have a solid legacy but world-class players are being produced.

It is important to know: On what conditions did Urvashi marry Pururvas, had to take birth on earth due to Brahma's curse

Due to Brahma's curse, Devlok's Apsara Urvashi had to take birth on earth. She got married to Pururvas here on a conditional basis. Due to Indra's deceit and Gandharva Tumburu's curse, Urvashi's conditions were violated. Once due to Brahma's curse, Devlok's Apsara Urvashi had to take birth on earth. Meanwhile, Budha and Ila had a son, whose name was Pururvas. After taking birth on earth, Urvashi met Pururvas. Seeing Urvashi's beauty,



Pururvas proposed marriage to her. Urvashi said, 'Maharaj! I am an Apsara and I have taken birth on earth due to a curse. I will return to Devlok when the curse period ends. Why do you want to marry me?' Pururvas said, 'Urvashi! I am fascinated by your beauty, that is why I want to marry you. I promise to keep you happy always.' Urvashi said smilingly, 'It is possible that your promise may also break some day like your restraint. Therefore, if you want to marry me, then I have three conditions. If you violate any condition, then I will leave you and go to Devlok.' 'I accept. Tell me, what is your condition?' Pururvas asked. Urvashi said, 'The first condition is that I have two rams, whom I have raised like children. You will have to protect them. The second condition is that I consume only ghee, so do not force me to consume any other thing. The third and last condition is that except for sex, you will not come in front of me in a naked state.' Urvashi's three conditions were strange, but it was not difficult to fulfill them. Pururavas immediately accepted Urvashi's conditions and married her. Urvashi was well versed in dance and music. Pururavas also acquired knowledge of dance and music while living with Urvashi. One day Pururavas received an invitation from Indra for a dance and music program in Devlok. When Pururavas pointed out some flaws in the dance in Indra's court, a Gandharva named Tumburu became angry with Pururavas. He cursed Pururavas that he would soon have to separate from Urvashi. Urvashi was happy with Pururavas, but Indra missed Urvashi in his court. So he along with the Gandharvas devised a plan to call Urvashi back to Devlok... One day at midnight, Urvashi and Pururavas were engrossed in lovemaking. Then at the behest of Indra, some Gandharvas entered Pururavas' palace. He stole both of Urvashi's favourite rams and fled from the palace with them. The rams were frightened by the sudden attack in the darkness of the night and started screaming. Urvashi was worried when she heard the rams screaming. She said to Pururavas, 'Maharaj! Both my rams are screaming. They are in danger. My condition was that you have to protect the rams. So go immediately and save them from danger!' Pururavas was flustered on hearing the condition. Pururavas was naked at that time because he was engaged in sexual intercourse. In a hurry, he forgot Urvashi's second condition and he got out of the bed naked and ran after the rams to save them. Meanwhile, on Indra's signal, a strong lightning flashed in the sky and in that bright light, Urvashi saw Pururavas naked. Urvashi's condition was violated because she saw Pururavas naked at any time other than sexual intercourse. It was now certain that she would return to Devlok. Urvashi did not even wait for Pururvas to return and left him and went to Devlok. Indra's plan succeeded and Gandharva Tumburu's curse also came true. At last Pururvas had to separate from Urvashi. Pururvas was extremely saddened by Urvashi's departure. After some time he went to Badrikashram, where he worshipped Lord Vishnu. Vishnu was pleased and gave Pururvas a boon to meet Urvashi once a year. In due course of time, as a result of the union of Urvashi and Pururvas, they had six sons - Ayush, Shrutaayush, Satyaayush, Ray, Vijay and Jai.

Competition: Why the desire to always be on top? ... Talented people have to pay the price

The desire to remain on top for a long time at all costs is found all over the world. But the price of short-sighted and self-centered behavior is paid by more talented, junior colleagues and society as a whole. The United States is a country I know better than my own country. I first went there 38 years ago. Since then I have visited several times. My last visit to the US was in 2023, when Joe Biden was president. I spent about three weeks there then. It was clear then from talking to my friends and my own assessment that the President did a lot of good for the people of America during his tenure, which helped him leave behind the polarization caused by Donald Trump. Still, I felt that given his age and frailty, Biden should not think about a second term but rather tell his party to choose a better candidate in time. After his poor performance in the debate with Trump, pressure was mounting on him from Democratic donors, congressmen and senators to withdraw his candidacy. It is sad that Biden ignored the signals and thought about a second term. Surveys also showed him lagging behind his opponent, although Biden worked hard for several weeks until he was forced to withdraw his candidacy. The current US President's desperation to cling on to his post was not personal. It is an indication of how people who enjoy power and are commercially successful behave in every country. Even when they have become physically and mentally weak. In such a situation, these people start harming the institutions and the society they serve. In the Indian context, cricket fans may be well aware of such incidents. When a player is over thirty-five, it is difficult for him to perform like he used to. Few of them recognise the signs. Sunil Gavaskar is an exception, who quit the game after batting brilliantly in the World Cup. His best mate Gundappa Viswanath should have retired long ago. Kapil Dev and Sachin Tendulkar also played for a very long time. In every case, whether it was taking the most Test wickets or playing the most Test matches, personal ambition was put above the team. This desire to wield power at the top rather than allowing the youth to grow goes far beyond sports and politics. Many of our entrepreneurs have diminished their past contributions by directing the bodies they have set up, instead of giving this opportunity to more capable young people. The desire to remain at the top for a long time at all costs is found all over the world. This kind of desire affects the intellectual life as well. For example, the internationally reputed Economic and Political Weekly (EPW), published from Mumbai, was a journal that every scholar in India and the world was eager to read and publish. Journalists, bureaucrats and activists showed as much interest in EPW as scholars and researchers. Yet in recent years, the journal has declined in credibility. Once a topic of debate for Indian leaders, the journal now rarely publishes meaningful and powerful essays. It is now a pale shadow of its former self. The decline of EPW is in stark contrast to the self-renewal of another intellectual institution I am familiar with, the National Centre for Biological Sciences (NCBS) in Bengaluru. NCBS is a branch of the Tata Institute of Fundamental Research, established in Mumbai in the 1940s. In its first decade and a half, the branch was dominated by physicists and mathematicians. However, in the 1960s the branch recruited a brilliant young biologist, Obaid Siddiqui, who served for 20 years at the branch's main campus and moved to Bangalore to set up a new biological research centre. What I like most about NCBS is that it is the least hierarchical of any Indian academic institution. It is imbued with a spirit of collegiality and open intellectual exchange that is missing from most centres of scientific and industrial research, especially the IITs. Here the directors do not treat their younger colleagues well, who may do better research than them. Having seen Obaid Siddiqui closely, I have no doubt that he played a key role in fostering this democratic and participatory ethos. As soon as Obaid Siddiqui's term as director was over, he handed over the reins of NCBS to younger hands and moved on with his research. Had Obaid Siddiqui not been a genius, NCBS would not have flourished so much. Another reason for the lasting success of any institution is the structure of governance it adopts. The tenure of a NCBS board member is exactly three years. It can be renewed once or twice, but not more than that. The trust that runs EPW has a single member. In contrast, no one can be a 'lifetime' member here. The maximum term a person can serve on the NCBS board is nine years, while some trustees have served on the EPW board for over thirty years. In conclusion, I can say that the desire to hold office for long periods is more common among men than women. Obaid Siddiqui has been an exception. Countless Indian men in politics, sports, business and academia have done and continue to do things that the current US President wanted to do. Such short-sighted and self-centred behaviour is often costly to more talented junior colleagues and to society as a whole.

सगे चाचा ने की थी कारोबारी के पांच साल के बेटे की हत्या, संपत्ति लालच बना कारण, आरोपी को भेजा जेल

मुरादाबाद- मुरादाबाद पुलिस ने कारोबारी की बेटे की हत्या का खुलासा कर दिया है। हत्यारोपी कारोबारी का भाई ही निकला। पुलिस के मुताबिक संपत्ति के लालच में ही आरोपी ने घटना को

अंजाम दिया। कांठ थाना क्षेत्र के मोहल्ला ईदगाह नई बस्ती निवासी कारोबारी नसीमुद्दीन के पांच साल के बेटे अबुजर की अपहरण के बाद हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बताया कि हत्यारोपी कोई और नहीं बल्कि उसका सगा चाचा ही निकला। बताया कि हत्यारोपी बहाने से भतीजे को अपने साथ ले गया था।इसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। मामला संपत्ति का लालच निकला है। बैंडेज कारोबारी का बेटा अबुजर नगर के ही केसी पब्लिक स्कूल में नर्सरी में पढ़ता था। वह 25 जुलाई की दोपहर एक बजे से लापता था।अबुजर अपने घर के बाहर खेलने के लिए निकला था, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये भी बच्चे की तलाश की जा रही थी, लेकिन उसका कोई भी पता नहीं लगा। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज की थी। शनिवार को पुलिस ने डॉग स्क्वाड की मदद से छानबीन शुरू की। इस दौरान शाम करीब सात बजे लापता अबुजर का शव नगर में ईदगाह के पास स्थित गांव महमूदपुर माफी निवासी अशोक के गन्ने के खेत से बरामद हुआ। उसके गले पर गहरा निशान था।

70 किमी साइकिल चलाकर कांवड़ियों का हाल जानने निकले डीआईजी, ड्यूटी में लगे कर्मियों से जानी परेशानी

मुरादाबाद- मुरादाबाद डीआईजी मुनिराज जी साइकिल पर सवार होकर मुरादाबाद से अमरोहा पहुंचे। इस बीच उन्होंने कांवड़ियों से बात कर उनकी परेशानी भी जानी। कांवड़ यात्रा के दौरान

पुलिस की तरफ से किए गए इंतजामों को भी देखा। डीआईजी मुनिराज जी रविवार की सुबह साइकिल से हाईवे पर कांवड़ियों की सुरक्षा का जायजा लेने निकले। मुरादाबाद से ब्रजघाट तक 70 किलोमीटर साइकिल चलाई। जगह-जगह कांवड़ियों से बात की। वहीं ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से फीडबैक लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।डीआईजी के आने की जानकारी मिलते ही जनपद पुलिस सतर्क हो गई। करीब छह घंटे से अधिक समय तक डीआईजी साइकिल से हाईवे पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। उनके मुरादाबाद वापस लौट के बाद पुलिस कर्मियों ने रात की सांस ली। 29 जुलाई को कावड़ यात्रा का दूसरा सोमवार है। इसलिए शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, संभल और अमरोहा समेत कई जिलों के हजारों शिवभक्त बृजघाट से गंगा जल लेने पहुंच रहे हैं। हाईवे पर चलने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन बेहद सतर्क है। मुजफ्फरनगर में कावड़ यात्रा पर आतंकी हमले को देखते हुए अमरोहा पुलिस भी अलर्ट हो गई है। यही वजह है कि डीआईजी मुनिराज जी रविवार की सुबह छह बजे अपने सहयोगियों के साथ साइकिल से हाईवे पर निकल पड़े और अमरोहा होते हुए तीर्थ नगरी ब्रजघाट तक पहुंचे। इस दौरान हाईवे पर जगह-जगह डीआईजी ने कांवड़ियों से बातचीत की और उनका हाल जाना। इसके अलावा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से सुरक्षा का फीडबैक लिया। जैसे ही डीआईजी के आने की सूचना अमरोहा पुलिस को हुई तो सभी अचंभित रह गए। गजरौला क्षेत्र में डीआईजी ने सीओ स्वतेभ भास्कर और इंस्पेक्टर हरिश्चर्धन सिंह को आवश्यक निर्देश दिए। स्पष्ट कहा कि कांवड़ियों की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ईमानदारी से जिम्मेदारी निभाएं। अगर किसी भी तरह की लापरवाही बरती गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

रामपुर में हत्या से सनसनी... अस्थायी गोशाला में बुजुर्ग केयर टेकर को सिर कुचलकर मार डाला

मुरादाबाद- शाहबाद में अस्थायी गोशाला के बुजुर्ग केयर टेकर की हत्या कर दी गई। उनका शव पानी की होदी से बरामद किया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। एसपी ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में बुजुर्ग की हत्या का

मामला सामने आया है। शाहबाद कोतवाली इलाके के रामगंगा पुल स्थित अस्थायी गोशाला में बुजुर्ग केयर टेकर एवं बमनपुरी गांव निवासी लालमन (62) की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई।इतना ही नहीं हत्यारे शव को पशुओं के पानी पीने की होदी में फेंककर चले गए। रविवार सुबह गोशाला में जब ड्यूटी पर पड़ोसी गांव जाहिदपुर निवासी जगदीश आए तो उन्होंने शव देखा। उन्होंने शोर मचाया। शोर शराबा सुनने के बाद ग्रामीण इकट्ठे हो गए।उसके बाद सूचना शाहबाद कोतवाली पुलिस को दी गई। उधर फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर मौके से पत्थर और अन्य साक्ष्य इकट्ठे किए। मौके का मुआयना करने के लिए एएसपी अरुण श्रीवास्तव पहुंच गए। एसपी विद्याशंकर मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बारिश के कारण धंस गई लोकोशड पुल की सड़क, पुलिस ने कराई बैरिकेडिंग, मरम्मत कार्य शुरू

मुरादाबाद- बारिश के चलते लोकोशेड पुल की सड़क धंस गई। ट्रैफिक पुलिस ने खतरे को देखते हुए वहां पर बैरिकेडिंग करा दी है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने मौके पर पहुंच सड़क का काम शुरू करवा दिया है। बारिश के चलते लोकोशेड पुल की सड़क धंस गई। खतरे को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने वहां बैरिकेडिंग करा दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी पहुंच गए और सड़क की मरम्मत का काम शुरू करा दिया।दिल्ली रोड स्थित रेलवे लाइन के ऊपर बना लोकोशेड पुल कांठ रोड और रामपुर रोड को जोड़ता है। इस पुल से दिन-रात हजारों वाहन गुजरते हैं। बारिश के कारण शुक्रवार को पुल की सड़क में दरार पड़ गई।शनिवार को राहगीरों की सूचना पर ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच और बैरिकेडिंग करा दी। कुछ ही देर में पुल के किनारे सड़क का एक हिस्सा धंस गया। जानकारी मिलने पर पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता कुलदीप संत मौके पर पहुंचे और ठेकेदार को तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। डीएम अनुज सिंह ने भी पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता से जानकारी मांगी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि बारिश के कारण किनारे की सड़क धंसी है। पुल को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंची है। सड़क की मरम्मत कराई जा रही है। स्थानीय लोगों ने भी लगभग तीन दशक पुराने इस पुल की मरम्मत की मांग की।

24 बदमाशों पर गैंगस्टर में कार्रवाई, गैंग बनाकर करते थे लूट, कई वारदातों को दे चुके अंजाम

मुरादाबाद- मुरादाबाद पुलिस ने 24 बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की है। यह बदमाश कई घटनाओं में शामिल थे। इनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। मुरादाबाद जिले के अलग-अलग थानों में 24 बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई है। इन बदमाशों ने गैंग बनाकर लूट, हत्या, चोरी, गोकशी समेत अन्य अपराध किए हैं। सिविल लाइंस थाने में हरथला सोनकपुर निवासी सरगना सोनू कुमार और उसके दो सहयोगी विशाल और रवि के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया है।तीनों आरोपी गिरोह चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। कटघर थाने में एकता विहार कॉलोनी निवासी सरगना सुहराब उर्फ सोहराब और गिरोह के सदस्य सलमान और फराज के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। तीनों गिरोह बनाकर हत्या और जान से मारने की धमकी देते थे।कांठ थाने में सलेमपुर निवासी सरगना हसीन अहमद और उसके सहयोगी बिजनौर जनपद के स्योहारा थाना क्षेत्र के अलमपुरी निवासी फैजान पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की है। बिलारी थाने में नई बस्ती रुस्तमनगर सहसपुर निवासी सरगना आसिम और उसके दो सहयोगी चौड़ा खड़ंजा निवासी छोटे और बलवीर के खिलाफ केस दर्ज किया है। तीनों गिरोह बनाकर अवैध शस्त्र फैक्टरी चलाते थे। मैनाठेर थाने में ताहरपुर निवासी सरगना फैजान उर्फ भूरा और उसके सहयोगी कुंदरकी के गाजीपुर निवासी वसीम, मैनाठेर के रसूलपुर हमीर निवासी दानिश, असदपुर निवासी फरीद और रामपुर के सैफनी थाना क्षेत्र के गांव बेरुआ ललवारा निवासी फरमान को गैंगस्टर का आरोपी बनाया गया है। पांचों आरोपी अवैध शस्त्र फैक्टरी चला रहे थे। भोजपुर थाने में डिलारी के ढकिया निवासी सरगना फैजान, उसके साथी सद्दाम, ढकिया जट निवासी मोहम्मद अली व उसके बेटे नईम, मोहम्मद लविस, ठाकुरद्वारा के मोहल्ला कुरैशियान निवासी शोएब, भोजपुर के मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी अनीस और उत्तराखंड के उधमसिंह नगर के दुर्गापुर कुंडा निवासी अशोक के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की है। आरोपी गिरोह बनाकर गोकशी और मांस तस्करी करते थे। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि 24 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई है।

वैक्सीन की सुरक्षा से खिलवाड़, ड्राई स्टोर तक में गंदगी

मुरादाबाद- जिले में सीएचसी व पीएचसी पर कोल्ड चेन सेंटरों का हाल काफी खराब है। इस बात का खुलासा यूनीसेफ के कर्मियों ने जून में अपने निरीक्षण में किया है। इस मामले में यूनिसेफ के जिला मोबिलाइजेशन समन्वयक रोहित कुमार सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में रिपोर्ट भी प्रस्तुत की है। ये रिपोर्ट कोल्ड चेन सेंटर पर इंतजामों के मामले में काफी चौकाने वाली है। यूनिसेफ की रिपोर्ट है कि कई सरकारी अस्पतालों में न तो स्टॉक रजिस्टर दुरुस्त हैं और न ही अग्निशमन यंत्र। यहां तक अस्पताल में मौजूद स्टॉक भी बेमेल मिला है।इस रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाएं सब हवा-हवाई हैं। जरूरी इंतजामों के मामले में जिला स्वास्थ्य केंद्र कटघर, फकीरपुरा, मझोला और सीएचसी कुंदरकी भी हैं, जहां इंतजाम नाकाफी पाए गए हैं। इन है।यही नहीं, कुंदरकी और रामपुर घोघर अस्पताल में नहीं किया जाना पाया गया है। कई सीएचसी पर कोल्ड नहीं है। वैसे नियमत- लॉगबुक को प्रतिदिन दो बार अपडेट बॉक्स रखने के लिए विशेष कमरा होता है, इसे ड्राई आवश्यक रहता है। लेकिन, कई सीएचसी के वार्डों में भी सफाई का अभाव है। वैक्सीन को कोल्ड चेन में सीमित तापमान सीमा में संग्रहित किया जाना चाहिए होने तक के लिए। अन्यथा बहुत अधिक या कम तापमान खत्म हो सकती है। एक बार जब कोई टीका अपनी

इसलिए टीकों (वैक्सीन) को कोल्ड चेन में रखना जरूरी रहता है। यूनिसेफ को कोल्ड चेन प्वाइंट पर मिलीं कमियां- रामपुर घोघर, भोजपुर, ठाकुरद्वारा, कुंदरकी, बिलारी, कटघर, मझोला, फकीरपुरा में कोल्ड चेन प्वाइंट पर माइक्रोप्लान तक उपलब्ध नहीं है। बिलारी, कुंदरकी, ठाकुरद्वारा सीएचसी पर टीके आइस लाइंड रेफ्रिजरेटर (आईएलआर) में सही ढंग से व्यवस्थित नहीं मिला। ठाकुरद्वारा, भोजपुर, कुंदरकी, मझोला के अस्पतालों में कोल्ड चेन प्वाइंट पर ड्राई स्टोर तक साफ नहीं पाए गए हैं। जिला अस्पताल और भोजपुर के कोल्ड चेन प्वाइंट पर स्टॉक रजिस्टर दुरुस्त नहीं पाया गया। जिला अस्पताल और रामपुर घोघर व कुंदरकी कोल्ड चेन प्वाइंट पर साप्ताहिक समीक्षा तक नहीं हो रही है। मझोला सीएचसी के कोल्ड चेन प्वाइंट पर अग्निशामक यंत्र समाप्त हो चुके हैं। जिला अस्पताल और भोजपुर व पाकबड़ा सीएचसी के कोल्ड चेन प्वाइंट पर स्टॉक बेमेल पाया गया। रामपुर घोघर, पाकबड़ा, महोला व फकीरपुरा सीएचसी के कोल्ड चेन प्वाइंट पर पावर बैकअप सुविधा उपलब्ध नहीं मिली। भोजपुर, कुंदरकी कोल्ड चेन उपकरण (सीसीई) लॉगबुक को प्रतिदिन दो बार अपडेट नहीं किया जा रहा है।

अस्पताल भी बेहतर नहीं है। इसी तरह शहरी प्राथमिक बिलारी, ठाकुरद्वारा, रामपुर घाघर, पाकबड़ा, भोजपुर, सीएचसी में यूनिसेफ ने कुंदरकी को बी श्रेणी में रखा बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण गाइडलाइन के अनुसार चेन के उपकरण (सीसीई) संबंधी लॉकबुक तक दुरुस्त किया जाना चाहिए। कोल्ड चेन सेंटर पर सिरिंज, कोल्ड स्टोर बोलते हैं। इसलिए यहां साफ-सफाई होना अति साफ-सफाई न होने की बात छोड़िए यहां तो ड्राई स्टोर में रखना जरूरी विशेषज्ञ बताते हैं कि टीकों को लगातार अर्थात वह जब से निर्मित होते हैं तब से लेकर टीकाकरण के कारण टीके की क्षमता (बीमारी से बचाने की क्षमता) क्षमता खो देता है, तो उसे वापस नहीं लाया जा सकता है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महुली में शाला प्रबंधन समिति शिक्षक सहित बच्चों ने किया वृक्षारोपण

क्यूँ न लिखूँ सच

स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए माध्यमिक शाला और पीएम श्री प्राथमिक शाला महुली के विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बच्चों, शिक्षको शाला समिति प्रबंधक से वृक्षारोपण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने फलदार और छायादार पौधे लगाए। दरअसल लगातार बढ़ रही वृक्षों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है। इसलिए पीएम मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ कर एक-एक पेड़ लगाने की अपील की थी। विद्यालय परिसर में लगभग 15 पौधे लगाये गए। शिक्षक पवन कुमार जायसवाल और भागीरथी सिंह ने कहा कि पेड़ लगाना बहुत ही अच्छी पहल है परंतु पेड़ लगा कर उसकी देखभाल करना बडी बात है। लोग अत्यधिक पौधे लगाकर उसकी देखरेख करने भूल जाते हैं। इसलिए एक पेड़ माँ के नाम एक बहुत ही अच्छी पहल है पेड़ की देखभाल भी माँ की तरह ही करनी होगी। तब ही पेड़ लगाने का उद्देश्य पूरा होगा। साथ ही सभी बच्चों को निर्देशित किया गया कि सभी बच्चे अपनी माँ के नाम पर घर में एक पौधा लगाएंगे और उसकी देखरेख माँ की तरह करेंगे। विद्यालय में 15 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए जिसमे माध्यमिक शाला प्रधानपाठक पवन कुमार जायसवाल,भागिरथि सिंह प्रधान पाठक पी.एम श्री प्राथमिक शाला महुली अखिलेश पटेल, योगेन्द्र सिंह,रेशम राठिया नताशा सिंह, लोली कुंवर वर्मा, संगीता सिंह सभी शिक्षक उपस्थित थे। समिति प्रबंधक प्राथमिक शाला अध्यक्ष मदनलाल जायसवाल वहीं माध्यमिक शाला समिति प्रबंधक अध्यक्ष मदन लाल साय,सहित छात्र-छात्राये उपस्थित थे। एक पेड़ मां के नाम अभियान- देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण को बचाने के लिए देशवासियों से पेड़ लगाने की अपील की पीएम मोदी ने मन की बात के 101 वें एपिसोड में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अपील की कि सभी लोग एक पेड़ अपनी मां के नाम पर जरुर लगाएं, क्योंकि दुनिया में सबसे अनमोल रिश्ता मां से होता है। हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां हर दुख सहकर अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है। पीएम मोदी की अपील के बाद पूरे देश में लोग मां के नाम पेड़ लगा रहे हैं। मां के सम्मान में लगाएं एक पेड़- पीएम मोदी इसके लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर एक खास अभियान शुरू किया. इस अभियान का नाम-एक पेड़ मां के नाम है. इस अभियान के तहत पीएम मोदी ने भी एक पेड़ मां के नाम पर लगाया है. साथ ही देशवासियों से दुनिया के सभी देशों के लोगों से ये अपील की है कि अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं. इस अभियान के बाद मां की स्मृति और उनके सम्मान में पेड़ लगाने का सिलसिला तेजी से बढ़ रहा है.

पुरातन छात्र सम्मेलन में पुरानी यादें हुई ताजा

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। खंडेलवाल कॉलेज के शिक्षक शिक्षा संकाय में पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि बरेली कॉलेज बरेली के दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 ऐ0 सी0 त्रिपाठी, महाविद्यालय के चेयरमैन गिरधर गोपाल, प्रबंध निदेशक डॉ0 विनय खंडेलवाल, श्रद्धा खंडेलवाल, प्राचार्य डॉ0 आर0के0 सिंह , डॉ0 अजय शंकर, डॉ0 निर्भय, डॉ0 दीपिका , डॉ0 सुहैल,प्रशासनिक अधिकारी राकेश चतुर्वेदी एवं समस्त प्रवक्ताओ द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य इस संस्था में पूर्व में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों द्वारा अपने जीवन में की गई उपलब्धियां से वर्तमान में अध्यनरत विद्यार्थियों को अवगत कराना तथा उन्हें प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर सत्र 2007 से 2023 तक के इस संस्थान से पढ़कर निकले विद्यार्थी एक बार फिर से संस्थान में वापस आकर मिले और अपने पुराने दिनों की खट्टी मीठी यादों को साझा कर संस्थान से अपने जुड़ाव को महसूस किया। सिद्धान्त, डॉ0 दीपिका, दिव्या चौधरी,निर्भय गुज्जर, डॉ0 निशा शर्मा,मणि मिश्रा,बृजमोहन ने कहा महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है और यहां पढ़े हुए विद्यार्थी देश दुनिया में अपनी योग्यता का परचाप लहरा रहे हैं और बड़े-बड़े पदों पर रहकर इस महाविद्यालय के गौरव को बढ़ा रहे हैं। प्राचार्य डॉ0 आर0 के सिंह जी ने कहा कि यादों में जीवन के सुनहरे पलों को संजोने की ताकत होती है और पुरातन छात्र सम्मेलन ऐसे यादों को साझा करने का एक उपयुक्त मंच है। उन्होंने समस्त अतिथियों एवं पुरातन छात्रों का कार्यक्रम में सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा सभी वर्तमान छात्रों को अपने कर्तव्य निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित भी किया।कार्यक्रम के अंत में पुरातन छात्रों और विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर डॉ0 कल्पना कटियार द्वारा उनका धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन महाविद्यालय के प्रवक्ता नृपेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने डॉ0 शिव स्वरूप शर्मा, डॉ0सविता सक्सेना,ले0 रचना, दिया ओली , शुभ्रा त्रिवेदी एवं समस्त विद्यार्थियों का पूर्ण सहयोग रहा।

गांव आनंदपुर के इमलीपारा में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल से लगाया गया नया ट्रांसफार्मर

क्यूँ न लिखूँ सच

ओड़गी-सूरजपुर जिले के भटगांव विधानसभा के जनपद पंचायत ओड़गी अंतर्गत ग्राम आनंदपुर के ग्रामीणों में खुशी की लहर छाई है. क्योंकि नए ट्रांसफार्मर लगने से आनंदपुर का पंडों बहुल्य इमली पारा जगमगा उठा है. वहां के ग्रामीण लगातार लो वोल्टेज की समस्या से लंबे समय से परेशान थे.यहां के किसानों की धान की रोपाई कार्य पर्याप्त वर्षा न होने के कारण बाधित हो रहा था. किसानों का कहना था कि यदि बिजली रहेगी तो हम मोटर पंप के जरिए नदी के पानी से धान की रोपाई कर सकेंगे.इन सभी समस्याओं को मोहल्लेवासियों ने महिला एवं बाल विकास मंत्री व क्षेत्रीय विधायिका लक्ष्मी राजवाड़े को अवगत कराया. मंत्री ने किसानों और मोहल्लेवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को नया ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए.मंत्री के निर्देशन में तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाया गया. नए ट्रांसफार्मर के लगने से मोहल्लेवासियों में खुशी व्याप्त है और समस्त मोहल्लेवासियों ने कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का आभार व्यक्त किया है. इस मौके पर आनंदपुर सरपंच दिलीप , भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल ओड़गी मीडिया प्रभारी प्रियंशु यादव, महावीर, दिलबरन पंडों, पवन पंडो, सोनू प्रसाद, जतन लाल पंडो, गोलू बियार, बचन लाल,जगलाल, लालबहादुर पंडों, गंगाराम व मोहल्लेवासी उपस्थित रहें.

ग्राम पचीपुरी मे स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गयी

क्यूँ न लिखूँ सच -राजेंद्र विश्वकर्मा

कोंच(जालौन) आज शनिवार को विकास खंड कोंच के ग्राम पचीपुरी मे निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सर्व शिक्षा अभियान द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन किया गया इस स्कूल चलो अभियान मे प्राथमिक विद्यालय पचीपुरी के छात्र छात्रों ने रैली निकाली गयी इस रैली मे मुख्य अतिथि गाँव के मोजुदा प्रधान अवधेश पटेल ने रैली को सम्बोधित करते हुये कहा की इस रैली का मुख्य उदेश्य गाँव मे कोई बच्चा पड़ने से न छूटे उन्होंने कहा की गाँव मे बच्चो को पढाई के लिये लोगो को अपने अपने बाल बच्चो को स्कूल जरूर भेजना चाहिए दोर मे बच्चो को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए लोग जागरुक रहे उन्होंने कहा हर घर मे एक दीप जलेगा हर बच्चा स्कूल चलेगा इस अवसर पर रैली पूरे गाँव मे निकाली गई इस दोरान सचिव बसीम खां स्कूल के प्रधानाध्यापक बबली निरंजन माध्यमिक स्कूल के प्रधानाचार्य मीना कुमारी बाजपेयी शिक्षक अमर सहित कई छात्र छात्राएं और गाँव वासी मौजूद रहे

पंखे मे करेंट आने के कारण वृद्ध पति पत्नी की दर्दनाक मौत, इस दुखद घटना को लेकर घर मे भारी शोक

क्यूँ न लिखूँ सच -राजेंद्र विश्वकर्मा

कोंच(जालौन) कोंच कोतवाली के अंतर्गत ग्राम कुवरपुरा मे आज शनिवार को सुबह के समय करेंट की चपेट में आने दंपत्ति की मौत की खबर मिली है मिली जानकारी मे ग्राम कुँवरपुरा निवासी लालता प्रसाद वर्मा पुत्र मुलु अपने परिवार के साथ रहते है और अपने घर मे सुबह के समय अपना पँखा सुधार रहे थे की उसी समय लाईट आ गई और वह उस पंखे से आ रहे करेंट की चपेट मे आ गए और चिललाये तभी वहाँ पर उनकी पत्नी शांति देवी ने जब यह देखा की मेरे पति पंखे मे चिपक गये तो वह उन्होंने बचाने के लिये दोडी लेकिन वह भी करेंट के तेज प्रभाव मे आकर चिपक गयी और कुछ देर बाद दोनो वृद्ध पति पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई ाटना को लेकर गमगीन है

अजय कुमार चौधरी ने कार्यालय पर की जिला स्तरीय कार्यकारिणी बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी के दिशा निर्देश पर रत्नापुर कार्यालय पर जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी को अवगत कराया गया था दिनांक 28.7.2024 को एक समीक्षा की जाएगी क्यों कि किसानों का काम लगभग खत्म हो चुका है जनपद में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक विचार विमर्श किया गया और छोटे किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने की बात भी की जिले के सभी पदाधिकारीयो को निर्दशित किया एवं आने वाले अंगंतुक प्रदेश अध्यक्ष पण्डित राज पाल शर्मा भा0 कि0 यु0 (टिकैत) के स्वागत की समीक्षा की गयी प्रमोद तिवारी , सीताराम वर्मा , धनीराम (आजाद) दिनेश वर्मा, हरिद्वार प्रसाद यादव, जिलेदार मौर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे

गजब खेल फाल्टी नंबरों का: थार अलीगढ़ में और स्कूटी के नाम से नोएडा में कटा चालान

